## रांची में आज नहीं होगा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

रांची। डीजीपी के निर्देश पर बुधवार को रांची छोड़कर सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। हालांकि अपरिहार्य कारणों के कारण रांची में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाएगा। इस संबंध में रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने आदेश जारी किया है। एसएसपी रांची ने सभी पुलिस उपाधीक्षक, रांची/ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बुंडू/ सभी थाना प्रभारी/ ओपी प्रभारी को सूचित किया है कि बुधवार को प्रस्तावित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है। दिनांक 20 दिसंबर 2024 के बाद की तिथि के निर्धारण पश्चात आप सभी को सूचित किया जाएगा।

# लोगों की समस्याएं सुलझाना जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता : डीसी

- डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में लोगों से मुलाकात कर जन समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने मंगलवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में लोगों से मुलाकात करते हुए जन समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने आये मुलाकातियों से एक-एक कर सभी की समस्याओं को सुनते हुए सभी समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द कराने का आश्वासन दिया। साथ सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जन समस्या का निराकरण कराना आप सबकी जिम्मेदारी है। इसमें किसी प्रकार कि कोताही नहीं बर्दाश्त की जाएगी। डीसी संवाद में विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि विभिन्न विभागों से संबंधित थे। सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के बाद डीसी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए जल्द से जल्द समाधान करें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि लोगों की समस्याओं का हल कराना जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता है।

### टाना भगतों ने भी डीसी के समक्ष रखी समस्याएं

डीसी संवाद में आये कुछ समस्याओं के निष्पादन के लिए ऑन स्पॉट संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। शिकायत का निवारण कराने के लिए बड़ी संख्या में टाना भगत ने उपायुक्त रांची से मुलाकात करते हुए अपनी कई समस्याओं का उनके समक्ष रखा। जिसपर उनके द्वारा उन्हें आश्वासन देते हुए कहा गया कि उनकी समस्याओं का निराकरण जरूर करेंगे। डीसी से कई जिला परिषद, वार्ड पार्षद, उप मुखिया ने मुलाकात कर उनके समक्ष कई मांगे रखी। जिसमें मुखिया द्वारा ग्रामसभा नहीं कराने, कार्यकारिणी की बैठक नहीं होने और अन्य बातें उनके सामने रखी गयीं। जिसपर उनके द्वारा उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए सभी मांगों को गंभीरतापूर्वक सुना। साथ ही उन सभी से अबुआ आवास के संबन्ध में भी जानकारी ली।

## खबर एक नजर में

### भारतीय इंजीनियरिंग सेवा में सफल होने पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के पूर्व छात्र को किया गया सम्मानित



रांची। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के पूर्व छात्र सचिन कुमार एवं संघ लोक सेवा आयोग के द्वारा आयोजित भारतीय अभियंता सेवा परीक्षा 2024 में 53वां स्थान प्राप्त कर सफल होने पर विद्यालय द्वारा मंगलवार को स्कूल के प्राचार्य ललन कुमार और सचिव मीना कुमारी ने उन्हें सम्मानित किया। सचिन ने कक्षा षष्ठ से लेकर बारहवीं कक्षा तक स्कूल में अध्ययन किया है। वर्ष 2015 में दसवीं की बोर्ड परीक्षा में 10 सीजीपीए प्राप्त किया। कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा 2017 में साइंस स्ट्रीम में 94 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की। तत्पश्चात सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई एनआईटी जमशेदपुर से पूरा की।

### श्रीश्याम मंदिर में श्री सुंदरकाड और श्रीहनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ का आयोजन



रांची। श्रीश्याम मंदिर में मंगलवार को 132वां श्रीसुन्दरकाण्ड –श्रीहनुमान चालीसा का संगीतमय सामूहिक पाठ का भव्य आयोजन हुआ। मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि इस अवसर पर मनीष सारस्वत, ओम शर्मा व अन्य ने ढोलक, ढफली, झांझ, कडताल, आरगेन की धुन के साथ श्रीगणेश वन्दना, श्री सरस्वती वन्दना करके श्रीहनुमान चालीसा का पाठ करके श्रीसुन्दरकाण्ड का पाठ प्रारंभ किया। मुन्ना सिंह, पिंकी सिंह, माही सिंह व शौर्य प्रताप सिंह ने श्रीहनुमान जी महाराज की दिव्य अखण्ड ज्योति प्रज्वलित करके केशरिया पेड़ा, गुड़, चना, फल का भोग अर्पित कर श्रीहनुमान जी के दरबार में मत्था टेका। मण्डल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान करवाया। पुष्पा देवी पोद्दार ने केशरिया पेड़ा, राजेश जायसवाल ने फल प्रसाद, श्रवण ढांढनिया ने चना प्रसाद व मुकेश मित्तल ने गिरीगोला सेवा निवेदित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढांढनिया, श्यामसुंदर जोशी, अंकित सिंह, हर्ष कुमार उपस्थित थे।

### बीआइटी मेसरा के प्रबंधन विभाग के सहायक रिटायर, शिक्षकों और कर्मियों ने दी विदाई



रांची। बीआईटी मेसरा के प्रबंधन विभाग के सहायक पद में पदस्थापित मो मोबीन मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गये। उन्होंने संस्थान में विभिन्न विभागों में रहते हुए 38 सालों तक सेवा प्रदान किया। मो. मोबीन की सेवानिवृत्त पर विभाग के तरफ से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभाग के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभाग के प्रमुख डॉ उत्पल बाउल ,डॉ श्रीमती श्रद्धा शिवानी , डॉ मंजू भगत, डॉ रविन्द्र भगत, डॉ अमर नाथ झा, डॉ गौतम सांडिल्य, डॉ प्रवीण श्रीवास्तव सहित सभी सहयोगी शामिल थे। सभी ने मो. मोबीन के कठिन परिश्रम और ईमानदारी से कार्य करने की और मेहनत से कार्य निष्पादन करने की क्षमता पर बातें रखी और उनके भविष्य और स्वस्थ रहने की कामना करते हुए उनको पुष्प गुच्छ सहित यादों को जीवंत रखने के लिए उपहार प्रदान किया गया।

### नीरजा सहाय में अंतर सदन खेल प्रतियोगिता आयोजित



रांची। कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को अंतर सदनीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें दयानंद ,हंसराज ,विरजानंद तथा श्रद्धानंद चारों सदनों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। लड़कियों एवं लड़कों के अलग-अलग टीम ने खो-खो तथा वॉलीबॉल में भाग लिया। खो-खो (लड़कियों )में श्रद्धानंद सदन के छात्रों ने जीत हासिल की। वहीं वॉलीबॉल में लड़कों एवं लड़कियों में विरजानंद सदन के खिलाड़ियों ने जीत हासिल की। सभी सदन के छात्र अपने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते रहे। इस मौके पर महान तबला वादक जाकिर हुसैन याद किए गये। उनके सम्मान में 1 मिनट का मौन रखा गया। उस्ताद जाकिर हुसैन का जन्म 9 मार्च 1951 में हुआ था। वह एक भारतीय तबला वादक, संगीतकार ,ताल वादक ,संगीत निमार्ता और फिल्म अभिनेता थे ।वे चहुमुखी प्रतिभा के धनी थे ।वे उस्ताद अल्लाह रक्खा के बेटे थे। जाकिर हुसैन को भारत सरकार द्वारा कला के क्षेत्र में पद्म श्री तथा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। इस अवसर पर प्राचार्य किरण यादव के साथ सभी शिक्षकों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा कक्षा नवमी की आंचल ने जाकिर हुसैन की जीवनी पर प्रकाश डाला तथा शिक्षक हराधन राय ने तबला के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस साइंस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में मंगलवार को इंटर हाउस साइंस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्लास तीन से क्लास आठ तक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। क्लास तीन से क्लास पांच तक के विद्यार्थियों का नेतृत्व बेट्सी ने किया। क्लास छः से क्लास आठ तक के विद्यार्थियों को रूपा सिंह ने लीड किया। सीनियर विंग में विवेकानंद हाउस के मो. नबील और आर्यमन प्रथम एवं द्वितीय विजेता रहे। राधाकृष्णन हाउस के प्रज्ञा और आदित्य तृतीय विजेता रहे। टेरेसा हाउस के शौर्य और नेहरान जबकि चौथे स्थान पर टैगोर हाउस के यशवीर और पलक सिंह रहे। वहीं जूनियर विंग में टैगोर हाउस के आयान और अविका प्रथम विजेता रहे। द्वितीय विजेता राधाकृष्णन हाउस के आरिका और शौर्य, तृतीय विजेता रहे। टेरेसा हाउस के नायशा और आर्यांश जबकि चौथे स्थान विवेकानंद हाउस के अंकुर और काव्या रहे। स्कूल के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार ने विजयी बच्चों को पुरस्कृत किया। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि आज हम समय के एक ऐसे दौर से गुजर रहे हैं जहां विज्ञान का नित नया उपयोग प्रयोग और अनुप्रयोग हो रहा है।

## वीवीपीएस स्कूल में यातायात के नियमों पर कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। वीवीपीएस स्कूल में मंगलवार को विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विषय यातायात सुरक्षा नियम था। कार्यशाला का नेतृत्व मो. जमाल अशरफ खान (जिला सड़क सुरक्षा प्रभारी, रांची) एवं मोहम्मद इम्तियाज (लालपुर यातायात थाना प्रभारी) विशेषज्ञों ने किया। जिन्होंने विद्यार्थियों को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे यातायात के नियमों का पालन करने से दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। कार्यशाला में विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि कैसे वे अपने जीवन में यातायात के नियमों का पालन करके सुरक्षित रह सकते हैं। उन्हें यह भी शपथ दिलाई गई कि वे अपने जीवन में यातायात के नियमों का पालन करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। विद्यालय की प्रिंसिपल जया प्रसाद ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि यह कार्यशाला हमारे विद्यार्थियों को सुरक्षित रहने के लिए प्रेरित करेगी।'

## जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा के रिजल्ट पर अदालत की रोक का स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता (जेएसएससी सीजीएल) परीक्षा 2023 का परीक्षाफल प्रकाशन करने पर अगले आदेश तक रोक लगा देने का आदेश देना संघर्षरत छात्रों के न्याय देने की दिशा में राहत भरा कदम है। ये बातें आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने मंगलवार को प्रेस बयान जारी कर कहीं। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय का आदेश झारखंड के लाखों आदिवासी मूलवासी छात्र, युवा, बेरोजगार नौजवानों के भविष्य में छाये अंधेरा में एक चिराग की रौशनी की तरह है।

## नवचयनित पीएलवी का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

- मूल अधिकार और कर्त्तव्य पर दी गयी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददता



रांची। झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त सह अध्यक्ष के मार्गदर्शन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के डालसा हॉल में चयनित 10 पीएलवी का प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को सम्पन्न हो गया। डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने कहा कि आप सभी पूरे लगन और निष्ठा से प्रशिक्षण प्राप्त किये। प्रशिक्षण प्राप्त कर आप सभी जरूरतमंदों और गरीबों को सहायता पहुंचाएं। एलएडीसी चीफ प्रवीण श्रीवास्तव ने सभी पीएलवी से कहा कि आप सभी का कार्य लोगों को सेवा करना है, आप जहां भी नियुक्त हों चाहे वह प्रखंड हो या अस्पताल आप सभी का कार्य जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाना है। एलएडीसी डिपुटी राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि आपलोग इन पांच दिनों में बहुत ही बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त किये हैं। आगे आप अपने क्षेत्र में लोगों को जागरूक करें, उनकी समस्याओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में लायें, ताकि उन्हें सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि यह कोई नौकरी नहीं है, यह एक सेवा है, जो आप सभी को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची व अन्य प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर समाज में रहने वाले जरूरतमंदों और गरीब लोगों को सहायता पहुंचाने का कार्य आप सभी को करना है। इस मौके पर एलएडीसीएस डिपूटी कविता खाती, एलएडीसी सहायक वीरेंद्र प्रताप, सौरभ पांडे, शिवानी सिंह, नव चयनित पीएलवी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## संत जेवियर्स कॉलेज और आइआइटी के बीच एमओयू

- झारखंड के युवा अब अंतरराष्ट्रीय स्तर के औद्योगिक गुण अपने राज्य में ही सीख पायेंगे

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। झारखंड के युवा अब अंतरराष्ट्रीय स्तर के औद्योगिक गुण अपने राज्य में ही सीख पाएंगे। यह संभव हो पाया है राज्य के अग्रणी शैक्षणिक संस्थान संत जेवियर्स कॉलेज की एक अनूठी पहल के कारणवश। कॉलेज ने मंगलवार को आईआईटी भुवनेश्वर के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। इस समझौते के अंतर्गत आईआईटी भुवनेश्वर अपनी तकनीकी कौशल एवं कक्षाओं को संत जेवियर्स के विद्यार्थियों के लिए खोलेगा, जिससे वे उद्यमिता के विभिन्न आयामों को समझ और सीख पायें। इस मौके पर संत जेवियर्स कॉलेज के प्राचार्य फादर नाबोर लकड़ा, डॉक्टर एन वेंकट राव, डॉक्टर स्वरत चौधरी और डॉक्टर अभिजित डे उपस्थित थे।

### इस समझौता ज्ञापन का केंद्र बिंदु

राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप रोजगार, धन और व्यवसाय का सृजन करना एवं नवीन प्रौद्योगिकी आधारित स्टार्टअप को बढ़ावा देना रहेगा।

## बेटियों की सुरक्षा खतरे में, सरकार मौन : शिवलाल महतो

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। बीआईटी मेसरा प्राथमिक मध्य विद्यालय एवं हाई स्कूल की सुरक्षा को लेकर सोमवार को पूर्वी पंचायत मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्यों ने बैठक की। बैठक में रोजाना छात्राओं के साथ छेड़खानी व बदसूलकी पर लगाम लगाने के मुद्दे पर चर्चा की गयी। स्कूल के प्रधानाचार्य फ्लोरा टोप्पनो ने कहा कि स्कूल कैंपस की घेराबंदी नहीं होने के कारण प्रतिदिन मनचले और नशेड़ी यहां अड्डेबाजी करते हैं। शिक्षकों के मना करने पर उल्टे शिक्षकों को धमकी देते हैं, जिस कराण शिक्षक डर जाते हैं। मौके पर समाजसेवी शिवलाल महतो ने शिक्षकों एवं मेसरा पूर्वी पंचायत के प्रतिनिधियों से कहा कि जिस प्रकार नेवरी पंचायत से दो नाबालिग स्कूली बालिकाओं को प्रलोभन देकर अगवा किया गया है। रांची के अपर बाजार में छेड़खानी खुलेआम अपराधी करते आ रहे हैं, इस पर रोक लगाना होगा। उन्होंने कहा कि मेसरा ओपी प्रभारी को इसकी लिखित शिकायत की गयी है। परंतु उनके स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। नतीजतन मनचलों का मनोबल बढ़ता जा रहा है।

इस बैठक में मेसरा पूर्वी पंचायत मुखिया कुशल मुंडा, पंचायत समिति सदस्य कालेश्वर महतो, बीआईटी के सिक्योरिटी इंचार्ज केएम सिंह, कृष्णा मुंडा, अरविंद महतो, सिकंदर महतो एवं स्कूल के शिक्षक मौजूद थे।

## स्वास्थ्य विभाग रांची और पीएसआई इंडिया ने की शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा

# स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और प्रभावशीलता का किया गया आकलन

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। जिले में शहरी स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग रांची और पीएसआई इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक हुई। मंगलवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डॉ असीम माझी, जिला प्रजनन और बाल स्वास्थ्य अधिकारी (डीआरसीएचओ) ने की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्र में प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और प्रभावशीलता का आकलन करना था। साथ ही आगामी माह के लिए स्वास्थ्य कार्यक्रमों की योजना बनाने और रणनीति तैयार करना भी इस बैठक का एक प्रमुख उद्देश्य था। बैठक में रांची शहरी क्षेत्र से लोक स्वास्थ्य प्रबंधक, एएनएम के साथ-साथ पीएसआई इंडिया से प्रणव कुमार झा, संतोष कुमार पाण्डेय और अन्य प्रतिभागी उपस्थित थे।

### बैठक में इन प्रमुख बिंदुओं पर की गयी चर्चा

परिवार नियोजन सेवाओं की समीक्षा : बैठक में परिवार नियोजन सेवाओं के वर्तमान स्तर की समीक्षा की गई और आने वाले समय में इन सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुझाव दिए गए।

**जन आरोग्य समिति का गठन और संचालन :** सभी स्वास्थ्य केंद्रों में जन आरोग्य समिति का गठन करने और इसके प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

एचएमआईएस पोर्टल पर डेटा प्रविष्टि : स्वास्थ्य केंद्रों द्वारा एचएमआईएस पोर्टल पर सटीक डेटा प्रविष्टि करने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

**टीसीआई कार्यक्रम :** टीसीआई कार्यक्रम के तहत प्रदान की जा रही परिवार नियोजन सेवाओं और अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया।

योग्य दंपतियों से संबंधित रिपोर्ट : सभी स्वास्थ्य केंद्रों से योग्य दंपतियों से संबंधित रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया गया।

**परिवार नियोजन सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए रणनीतियां :** परिवार नियोजन सेवाओं की पहुंच को बढ़ाने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया।

**समुदाय जागरूकता :** परिवार नियोजन सेवाओं के प्रति समुदाय की जागरूकता बढ़ाने के लिए उपायों पर चर्चा की गई।

## सीसीएल के सहयोग से बीआइटी ने पूरी की सस्टेनेबल एनर्जी से स्मार्ट सिंचाई प्रबंधन प्रणाली परियोजना

- कम लागत पर मिलेगा अधिक उत्पादन

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। बीआईटी मेसरा ने सस्टेनेबल एनर्जी से स्मार्ट सिंचाई प्रबंधन प्रणाली नामक अपने शोध एवं विकास परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह परियोजना सीसीएल के सहयोग से वित्त पोषित की गई थी। इसका नेतृत्व बीआईटी मेसरा के इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग (ईईई) विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ देबोमिता घोष ने किया। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक कृषि को स्मार्ट खेती में बदलना था। स्वचालित और निरंतर फसल मापदंडों की निगरानी के माध्यम से किसानों को अधिक उपज और अधिक आय प्राप्त हो सके, यह इस परियोजना का एक महत्वपूर्ण लक्ष्य था। ग्रामीण इलाके और बिजली की कमी वाले क्षेत्रों में इसे प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए इस प्रणाली में सौर ऊर्जा तकनीक का उपयोग किया गया है। साथ ही, खेतों में फील्ड सेंसर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) तकनीकों के माध्यम से फसलों की निगरानी और प्रबंधन किया गया। यह प्रणाली उच्च उपज वाले फसल पैटर्न को बढ़ावा देने में मदद करती है। यह परियोजना भारत सरकार के स्मार्ट खेती के उद्देश्य और आत्मनिर्भर भारत पहल का समर्थन करती है। इसमें उपयोग किए गए सभी उपकरण स्वदेशी रूप से निर्मित हैं और यह स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। परियोजना प्रमुख डॉ देबोमिता घोष ने इस उपलब्धि पर कहा कि इस परियोजना के माध्यम से हमने कृषि क्षेत्र में स्वचालन, तकनीकी उन्नति और स्थिरता लाने का प्रयास किया है। सौर ऊर्जा और एआई तकनीक के संयोजन से किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादकता के लाभ मिलेंगे।

# सुरेश बैठा ने मैक्लुस्कीगंज में विजयी सह आभार यात्रा निकाली

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** कांके विधानसभा के कांग्रेस विधायक सुरेश बैठा ने मैक्लुस्कीगंज में विजयी सह आभार यात्रा निकाली। समर्थकों ने जगह जगह फूल माला व पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। आभार यात्रा के दौरान लपरा शिव मंदिर व हेसालौंग सरना स्थल पर मत्था टेका। कांग्रेस विधायक ने विकास नगर, कोनका, लपरा, नावाडीह, धमधमिया, खलारी



बजार टांड सहित अन्य जगहों पर लोगों से मिले व चुनाव में विजय बनाने के लिए आभार प्रकट किया। ग्रामीणों से मिलकर उनके समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में विकास कार्यों को गति दी जाएगी। आभार यात्रा में कांग्रेस नेत्री इन्द्रा देवी तूरी राजेश सिंह मिंटू, मोनू रजक, राजेश गंझू, जैनुल खा, साबिर अंसारी,तनवीर आलम, श्रवण भोक्ता, मुकेश यादव, अनील पासवान, शशि मुंडा, रंजना गिरि, मंदीप यादव, विक्की सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ करने वाला धराया

**छात्रा को पैसे दिखा शादी का प्रलोभन देता था**

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले एक मनचले ओरमांझी में भी धराया है। ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा बरवे निवासी मनचला युवक रमीज अंसारी 30 वर्षी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बताया गया बरवे गांव की छात्रा को स्कूल जाने-आने के



दौरान मनचले युवक अक्स उसके साथ छेड़छाड़ किया करता था। वहीं रूपए का बंडल दिखा व प्रलोभन दे छात्रा से शादी करने की बात किया करता था। मनचले युवक की इस हरकत से छात्रा काफी परेशान हो गई थी। जिसके बाद उसने हिमंत दिखते हुए बाल संरक्षण समिति को टोल फ्री नंबर पर बताया और मदद मांगी। जिसके बाद बाल संरक्षण समिति द्वारा की छात्रा से लिखित शिकायत लेकर उसे ओरमांझी थाना पुलिस को भेज दिया गया। छात्रा द्वारा शिकायत करने की जानाकरी मिलते ही मनचला युवक फरार हो गया, और पतरातु स्थित अपनी बहन के घर जाकर छुप गया था। पतरातु से ही छापेमारी कर ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा युवक को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की इस कार्रवायी की स्थानीय लोगों द्वारा सरहाना की जा रही। वहीं थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी द्वारा क्षेत्र के सभी छात्राओं से अपील करते हुए कहा किसी भी छात्रा को मंचलों द्वारा परेशान किया जाता है तो वह उसकी जानाकरी ओरमांझी थाना को दें, पुलिस द्वारा कार्रवायी करने के साथ सभी छात्र-छात्राओं को पुरी सुरक्षा व मदद करेगी।

## स्पीड न्यूज

### विधायक सुरेश बैठा ने धान अधिप्राप्ति केंद्र का किया उद्धाटन



**पिठोरिया।** कांके प्रखंड के उरुगुटु लैंप्स लिमिटेड में आज खाद्ध सर्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता विभाग के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्धाटन काके विधायक सुरेश कुमार बैठा द्वारा विधिवत किया गया इस अवसर पर श्री बैठा ने किसानों से आग्रह करते हुए कहा की किसान अपने मेहनत से उपजाए धान को सरकार द्वारा अधिप्राप्ति केंद्र में ही दे ताकि किसानों को धान का उचित मूल्य मिल पाए। उन्होंने आगे धान के बिचौलियो से किसानो को बचने को कहा। मौके पर काके प्रमुख सोमनाथ मुंडा उरुगूटू मुखिया पूजा किसपोटा, पंचायत समिति सदस्य तारा देवी, लैंप्स अध्यक्ष वासुदेव पहान, सचिव आबिद अली, कांके बी सी ओ सुदर्शन चौबे, प्रखंड कृषि पदाधिकारी नंदेश्वर दास, कांग्रेस नेता मुस्ताक आलम, अफजल अंसारी, सलीम अंसारी के साथ सैकड़ो किसान मौजूद थे विदित हो कि धान अधिप्राप्ति केंद्र में सरकार द्वारा निर्धारित 2300 रुपए प्रति क्विंटल के साथ 100 रुपए प्रति क्विन्टल बोनस किसानों को भुगतान किया जाएगा।

### सीओ ने अवैध बालू लदे ट्रक को पकड़ा

**अनगड़ा।** गुप्त सूचना के आधार पर अंचल पदाधिकारी अनगड़ा राजू कमल ने सशस्त्र बल के साथ रात्रि गस्ती के दौरान सोमवार की रात करीब 8 .30 रांची पुरुलिया सड़क पर पल्लु ढाबा के समीप अवैध बालू परिवहन करते हुए एक आईशर ट्रक जेएच 01 एफ आर 6308 को पकड़ कर अनगड़ा पुलिस के हवाले कर दिया। ज्ञात हो कि पिछले कुछ हीं दिन पूर्व खनन विभाग और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने अभियान चलाकर अवैध वालू का परिवहन करते हुए दर्जनों वाहनों को पकड़ा था बावजूद बालू के काला बाजारी बन्द नही हुयी है। रात के अंधेरे में अवैध बालू का परिवहन जारी है। बालू की चोरी करके उँची कीमत पर बालू बेची जा रही है।

### मैक्लुस्कीगंज में अलाव का सहारा लेते बिरहोर

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज में ठंड का कहर जारी है, बढ़ी कनकनी हुई है, ठिठुरन से आमजन परेशान है। मंगलवार को प्रात: 6 बजे लगभग 4 डिग्री नन्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। उधर कड़कड़ाती ठंड से बचने के लिए खलारी अंचल प्रशासन के निर्देश पर व्यवसायी विजय गुप्ता ने मैक्लुस्कीगंज के बिरहोर टोला व धुवामीड़ चौक पर लकड़ी की व्यवस्था कर अलाव जलाया गया।

### विस्थापित परिवारो के बीच राशी का वितरण

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी अंचल कार्यालय में मंगलवार को नगड़ी प्रखंड उतरी टुंडूल क्षेत्र के मुड़मा नयासराय के सात वैसे परिवार जिनका घर डीवीसी कार्यालय के निर्माण के कारण टूट रहा है वैसे गरीब परिवारों के लिए डीवीसी के अधिकारीयों एवं अंचल अधिकारी नगड़ी राजेश कुमार से वार्ता कर सहायता राशि के रूप में प्रति परिवार मकान के लिए 300000 रुपए एवं नलकूप के लिए 50000 रुपए के साथ ही कुआं के लिए 10000 रुपए की राशि हटिया विस्थापित परिवार समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव महासचिव कलाम आजाद एवं सचिव अनिल महतो के पहल पर डीवीसी भारत सरकार के द्वारा भुगतान किया गया।

# झारखंड में अब प्रखंड स्तर पर लगेगा पशु बाजार: शिल्पी तिर्की

## पशु धन को लेकर विभाग किसानों के लिए जारी करेगा रेट चार्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री झारखण्ड सह मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने मंगलवार को प्रखंड के चार मिल्क कलेक्शन एवं शीतल गृह का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर श्रीमति तिर्की ने कहा बहुत जल्द प्रखंड स्तर पर पशु बाजार की शुरूआत होगी। इसका उद्देश्य वाजिब दर पर अच्छे नस्ल के गाय या दूसरे पशु किसानों को उपलब्ध कराना होगा। इसको लेकर विभाग योजना से संबंधित कैलेंडर भी जारी करेगा। पशु बाजार में पशु की खरीद बिक्री को पारदर्शी बनाने के लिए पशु रेट चार्ट



भी जारी किया जाएगा। साथ ही मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने क्षेत्र भ्रमण कर उन्होंने मांडर प्रखंड क्षेत्र के करगे, बंझिला, महुआ जारी और कैम्बो में मिल्क कलेक्शन एवं चिलिंग प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान झारखंड मिल्क फेडरेशन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। मंत्री ने करगे मिल्क कलेक्शन एवं चिलिंग प्लांट के निरीक्षण के दौरान साफ- सफाई के साथ सुरक्षा का ध्यान रखने का निर्देश दिया। वही मंत्री ने इस कड़ाके की ठंढ मे सब्जी बेच रहे गरीब महिलाओं के बीच कम्बल का वितरण किया। इस्से पूर्व युवा प्रखंड अध्यक्ष शमसुल शेख के नेतृत्व में ब्राम्बे चौंक में कांग्रेस कार्यकताओं ने मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का स्वागत किया और उन्हें बधाई और शुभकामना दी। बताते चले मंत्री का मांडर प्रखंड का यह पहला दौरा था, इसलिए कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिला।

**मौके पर थे मौजूद**

मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अबुजर अंसारी, पुर्व मुखिया जयवंत तिग्गा, मोईन अंसारी, प्रकार तिग्गा,सालिस अंसारी, आफताब आलम, फिरोज अंसारी, जुलियस तिग्गा, अब्दुल गफ्फार, महादेव तिग्गा, सिद्दीक अंसारी, सारिब मलिक, सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को दी बधाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख नरेश साहू के अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधि मंडल झारखंड सरकार के कृषि व सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को गुलदस्ता भेंट कर मंत्री बनाये जाने की बधाई दी। प्रतिनिधि मंडल में शामिल कार्यकर्ताओं ने कहा कि मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को मंत्री बनाये जाने से कार्यकर्ता उत्साहित हैं। मांडर विधायक श्रीमती तिर्की के मंत्री बनने से मांडर ही नही समूचे झारखंड का विकास होगा। बधाई देने वालों में नरेश साहू के अलावा, घोमा सिंह, बबलु गुप्ता, राजेश तिर्की, फिरोज मंसूरी, मनोज लकड़ा, जुलकर मंसूरी, व कुल्ली के ग्राम प्रधान अजय लकड़ा शामिल हैं।

# धनबाद में विद्यार्थी विज्ञान मंथन-2024 आयोजित

## लेडी केसी रॉय स्कूल का सृजन कुमार अव्वल

**नकद और प्रमाण पत्र मिला**

**मेमेंटो से किया गया सम्मानित**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** विद्यार्थी विज्ञान मंथन में झारखंड से 12 छात्रों का चयन किया गया। इसमें लेडी केसी रॉय मेमोरियल स्कूल के 7 वीं का छात्र सृजन कुमार ने बड़ी सफलता हासिल की। वह राज्य स्तरीय कैम्प में 126 छात्रों के साथ प्रतिस्पर्धा में अव्वल रहा। धनबाद के सेंट्रल इंस्टीच्यूट ऑफ मीनिंग एंड फुएल रिसर्च सीआई एसआर-सीआईएफआर में आयोजित मंथन-2024 के दौरान स्कूल के 3 विद्यार्थियों ने बाजी मारी। सृजन को 5 हजार नकद, मेरिट सर्टिफिकेट और मेमेंटो भेंट की गयी। विद्यार्थी विज्ञान मंथन



(वीवीएम) भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम) की ओर से आयोजित किया जाता है। इस ओलंपियाड में राज्य स्तरीय कैम्प के लिये पूरे झारखंड से 126 बच्चों का चयन किया गया था। चयनित छात्रों में तीन लेडी केसी रॉय मेमोरियल स्कूल से हैं। इसमें सृजन कुमार के अलावा नमन कुमार व संचय कुमार शामिल हैं। सृजन ने सफलता का श्रेय विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक और अपने माता पिता को दिया है। इसे लेकर परिजनों ने खुशी का इजहार किया है।

## एक नजर में

### झालसा का जागरूकता अभियान

**रातू।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में 90 दिनों तक चलने वाले जागरूकता व आउटरीच अभियान के तीसरे दिन प्रेम मंजरी प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय से चट्टी तक प्रभातफेरी निकाली गयी।इसमें पीएलवी पुष्पलता देवी, सुनीता देवी, शिक्षिका शाहिदा और रोशनी ने हिस्सा लिया। इन्होंने ग्रामीणों को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्याग पेंशन योजना, राशन कार्ड, मनरेगा, किसान सम्मान निधि, फसल राहत योजना, बाल विवाह, बाल मजदूरी व डायन प्रथा आदि की जानकारी दी। इससे संबंधित पम्पलेट लिफलेट का भी वितरण किया गया।

### धान क्रय केंद्र का उदघाटन

**ठाकुरगांव।** ठाकुरगांव लैम्प्स परिसर में मंगलवार को धान क्रय केंद्र का उदघाटन किया गया। उदघाटन कांके विधायक सुरेश बैठा, बीडीओ धीरज कुमार, सीओ सचिदानंद वर्मा, उपप्रमुख हरदेव साहु ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि राज्य सरकार 2400 रुपये प्रति क्विंटल किसानों से धान खरीद रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के सभी समस्याओं को चरणबद्ध तरीके से हल करेगी। उन्होंने कहा कि धान देने के साथ ही किसानों को रकम प्रदान किया जायेगा। मौके पर सहकारिता पदाधिकारी मुकेश अग्रवाल, गोपाल तिवारी, लैम्प्स के प्रबंधक बैजनाथ ठाकुर, जहरुद्दीन अंसारी, शमीम बढ़ेहार समेत अन्य मौजूद थे। इसके साथ ही विधायक ने उरुगुट्टू लैम्प्स में भी धान क्रय केंद्र का उदघाटन किया।

### लिंग हिंसा के विरुद्ध जागरुकता अभियान



**सोनाहातू।** थाना परिसर में लैंगिक हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान नयी चेतना कार्यक्रम आयोजित किया गया। जेएसएलपीएस समूह से जुड़ी दीदियां के नेतृत्व में जेंडर आधारित हिंसा विषय पर 'न हिंसा करेंगे न हिंसा सहेंगे' का शपथ सभी थाना के कर्मियों को दिलवाया गया। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस द्वारा नवंबर से दिसंबर तक नई चेतना कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी का धन्यवाद करते हुए भ्रूण हत्या रोकने और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। मौके पर जेएसएलपीएस कर्मी, ललित चंद्र महतो, लतिका देवी, समैया लकड़ा, लखिन्द्र मुंडा, जेंडर सीआरपी संगीता, सम्पा देवी, हरेश्वरी देवी, विंदु देवी, कुमारी शांति, रातिक देवी, जयंती देवी आदि मौजूद थे।

### अनगड़ा प्रखंड कॉंग्रेस कमिटी की बैठक संपन्न



**अनगड़ा।** प्रखंड मैदान अनगड़ा में मंगलवार को शनिचरवा पाहन की अध्यक्षता में अनगड़ा प्रखंड कॉंग्रेस कमिटी की बैठक संपन्न हुई। और कॉंग्रेस संगठन समिति का गठन किया गया। जिसमें मुन्ना मुण्डा शफीक अंसारी किष्टो कुजूर युनूस अंसारी सर्वसम्मति से कार्यकारी अध्यक्ष चुने गए। वहीं उपाध्यक्ष के पद पर अजय करमाली का चयन किया गया। साथ ही महिला कांग्रेस समिति का भी गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष के पद पर सरिता देवी मंजु देवी उमा देवी सुनिता देवी एवं सरिता देवी का चयन किया गया। बैठक में मौके पर रजाक अंसारी विशाल स्वांसी रब्बानी राज शिवदास गोस्वामी अब्बास अंसारी मिनहाज आलम किशोर करमाली इरफान अंसारी सोहन करमाली बलराम पाहन चमरू पाहन रोहित नायक अनमोल लकड़ा सोहन पाहन रतिलाल महली ललिता देवी करमी देवी जॉन तिग्गा सावना मुण्डा मंजू कुमारी दशरथ पाहन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### खेत में मिला का शव



**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के बारेंदा पंचायत अंतर्गत मारांगकिरी–कल्याणटांड गांव के समीप खेत में पड़ा 35 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। शव के पास पेंट के पॉकेट में मिली आधारकार्ड से व्यक्ति की पहचान पुरुलिया जिले के झालदा थाना अंतर्गत पुस्ती अंचल के बरटांड निवासी सुभाष चन्द्र महतो के रूप में हुआ है। ग्रामीणों ने मंगलवार दिन के 2 बजे खेत में पड़ा शव को देखा तो तत्काल थाना को सूचित किया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी चंदन कुमार, एसआई गौतम रजवार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ किया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टि में हत्या की आशंका जताई जा रही है मामला से जुड़े सभी बिंदुओं की जांच की जा रही है। पुलिस घटना को लेकर जांच में जुटी गयी है।

# स्क्रैप के आड़ में सीसीएल के लाखो का उपकरण गबन करने का प्रयास

**सीआईएसएफ के विजलेंस ने पकड़ा**

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के एनके एरिया के रोहणी परियोजना में स्क्रैप के आड़ में सीसीएल के कीमती उपकरण गबन करने का मामला सामने आया। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार बताया गया कि रोहणी परियोजना में सीसीएल के खराब व कबाड़ पड़े लोहा,उपकरण को स्क्रैप बनाकर किसी निजी कंपनी (साई इंटरप्राइजेज लिमिटेड) को बेचा जा रहा था। स्क्रैप कटिंग कर रहे कंपनी के वर्कर ने कबाड़ लोहा के आड़ में सीसीएल का अच्छा मशीनरी उपकरण लोड कर लिया गया। उक्त स्क्रैप कटिंग व लोडिंग पॉइंट के पास सीआईएसएफ की तैनाती भी थी। लेकिन बताया जाता है कि सीआईएसएफ जवान जब खाना खाने के चले गए, उसी समय स्क्रैप कंपनी के लोगो ने जवान के आंख में धूल झोंककर स्वचलित उपकरण ट्रक में लोड कर लिया गया। पुनः जब सीआईएसएफ के विजलेंस टीम पहुँचा तो ट्रक में सीसीएल का उपयोगी मशीन को देखा गया। उसके बाद सीआईएसएफ के क्यूआरटी टीम व सीसीएल के अधिकारी के मौजूदगी में स्क्रैप लोड किया हुआ ट्रक को अनलोड करने पर पाया कि उक्त ट्रक में दो ट्रांसमिशन, दो कॉपर रेडीवाटर पाया गया। मामला स्क्रैप के आड़ में चोरी करने का मामला सामने आया। विवाद बढ़ता देख सीसीएल अधिकारियों ने मैक्लुस्कीगंज थाना में जाकर घटना के संबध में जानकरी दिया गया। थाना में जानकारी देने के बाद सीसीएल व स्क्रैप लोड कर रहे कंपनी दोनो फंसते नजर आए। उसके बाद परियोजना पदाधिकारी ने एक टीम गठित कर जांच का आदेश पारित किया। फिलहाल मामला दोनो पक्षों के बीच मे है। कमिटी में क्या खिचड़ी बनी है। मामला साफ नही हो पाया है।

# जेंडर भेदभाव को दूर करने के लिए दिलाई गयी शपथ



**पिस्कानगड़ी।** नगडी थाना परिसर में मंगलवार को जेंडर-सीआरपी के द्वारा जेंडर कैपेन के तहत जेंडर भेदभाव को दूर करने के लिए रंगोली एवं शपथ कराया गया। शपथ के द्वारा घरेलु हिंसा बाल-विवाह प्रथा डायन प्रथा दूर एवं रोकने का संदेश दिया गया. जिसमें लिंग हिंसां आधारित खिलाफ यह अभियान 25 नवम्बर से 23 दिसम्बर 2024 तक चलाया जा रहा है अभियान को नगड़ी के प्रत्येक गाँव स्कूल, सार्वजनिक जगहों में किया जा रहा है अभियान का मुख्य उद्देश्य के महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाले हिंसा के प्रति जागरूक करना एवं रोकना है इस कार्यक्रम में नगडी थाना के प्रभार शुभम कुमार सिंह, एस आई शुभम कुमार, संजय सिंह, मुंशी अमीत कुमार जे एस एल पी एस प्रखंड प्रबंधक सुखदेव लोहरा सी सी संतोष कुमार शांता खलखो रीतू गाडी मीना देवी, वीणा देवी जानकी देवी, विलाशी तिर्की, समाजसेवी बजरंग महतो अहम योगदान है।

# बेड़ो के बैरटोली गांव से जमनी पंडरा गांव जाने वाली सड़क बदहाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के बैरटोली गांव से जमनी पंडरा गांव तक जाने वाली सड़क की स्थिति इन दिनों बेहद जर्जर हो गई है। इससे वहां की बड़ी आबादी को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह पथ कई गांवों को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने वाला मुख्य संपर्क पथ है। इसके वावजूद कई वर्षों से यह पथ उपेक्षित पड़ा हुआ है। सड़क की कुल लंबाई लगभग पांच किमी है। सड़क पर



जगह-जगह बड़े बड़े गड्ढे बन गए हैं। साथ ही गिट्टी निकली हुई है। सड़क की खस्ताहाल को देखते हुए लोगों ने अब इस सड़क से आना-जाना छोड़ दिया है। जबकि बहुत बड़ी आबादी इस सड़क पर निर्भर है। अनाज व सब्जी उत्पादन कर बेड़ो सब्जी मंडी व बाजार पहुंचाना, बच्चों का स्कूल आना-जाना, रोगियों को सीएचसी ले जाने में ग्रामीणों को इन दिनों बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बीमार लोगों को भाड़े के वाहन को बुलाने के लिए स्वजनों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। सड़क की हालत बद से बदतर बनी हुई है। इस रास्ते से किसी भी दो पहिया व चार पहिया वाहन को ले जाने से पहले लोगों को कई बार सोचना पड़ता है। पंडरा गांव के ग्रामीणों ने कहा कि जर्जर सड़क के कारण आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण सड़क पर चलना दूभर हो गया है। सड़क की गिट्टियां उखड़ कर बिखर गईं हैं। इससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से कई बार सड़क बनवाने की मांग किया। लेकिन स्थिति यथावत है। खराब सड़क होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। सड़क का निर्माण कई वर्ष पूर्व हुआ था, लेकिन इसकी एक बार भी मरम्मत नहीं कराई गई है। यदि सड़क की मरम्मत हो जाए तो आवागमन में सहूलियत हो जाएगी।

# अफीम धंधेबाज को सपलाई करने वाला गया जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** थाना पुलिस द्वारा अफीम बेचने वाले को सफलाई करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया है। अफीम सपलाई करने वाले आरोपी नामकुम निवासी हंसपाल मुंडा को उसके घर से छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया है। बताया गया कि वह खुंटी जिला से अफीम लाकर बाजार टांड रलरप्पा जिला रामगढ़ निवासी धंधेबाज सुधीर प्रजापति उर्फ लटलु को देता था। वहीं लटलु अफीम को लेडिज पर्स में छुपाकर जेवरात तौलने वाले



तराजू में तौल कर बेचा करता था। विधानसभा चुनाव के दौरान ही चेकिंग कर रही पुलिस द्वारा अफीम के धंधेबाज सुधीर प्रजापति उर्फ लटलु को लगभग तीन लाख का अफीम व एक वेगनार कार जेएच01एएच-9099 को जब्त किया गया था। पुछताक्ष में उसने सफलाई करने वाले के संबंध में पुलिस को जानाकरी दे दी गई थी। साथ ही बताया था उसका अफीम लेने वाले ग्राहक सभी परिचित हैं। वह कार से ही चलते-फिरते जेवरात तौलने वाला तराजू से तौल कर बेचा करता था। थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी ने कहा नषा करने वाले ही नही उसके साथ परिवार व समाज को भी काफी नुकषान है। अफीम व अन्य मादक पदार्थ खरीद बिक्री करने वाले किसी को छोड़ा नही जाएगा।

